Greenlawns School - Worli

Terminal Examination - 2016

कक्षा :- छठीं

पूर्णांक :- 80

विषय :- हिंदी

दिनांक :- 03.10.2016

समय :- 2 घण्टे

सूचना :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

2. शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित हैं ।

विभाग - अ

भाषा - विभाग (कुल अंक ४०)

प्रश्न 1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :- (10)

i. मेरा प्रिय खेल

ii. एक मुरझाए हुए फूल की आत्मकथा

iii. मेरी शैक्षणिक यात्रा

प्रश्न 2) निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर एक कहानी लिखिए और अंत में उससे मिलनेवाली सीख तथा उसका शीर्षक भी लिखिए :- (7)

एक तालाब ..... बातूनी कछुआ ..... दो हंसों से मित्रता ..... तालाब का सूखना ..... दूसरे तालाब में जाने का विचार करना ..... कछुए का उपाय बताना ..... हंसों का कछुए को एक लकड़ी के सहारे लेकर उड़ना ..... कछुए का स्वभाव के अनुसार बोल पड़ना ..... गिरना ..... सीख ।

प्रश्न 3) निम्नलिखित अर्थग्रहण को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (10)

पटेटी पारसियों का त्योहार है । यह अगस्त / सितम्बर में नए साल के रूप में मनाया जाता है । पारसी अहुरा माजदा (Ahura Mazda) को अपना भगवान मानते हैं और उसकी प्रार्थना करते हैं । उनकी धार्मिक पुस्तक का

नाम अवस्ता है। उनके गुरु का नाम ज़र्थुस्ट्रा (Zarthustra) है। बहुत साल पहले ज़र्थुस्ट्रा ने पारसियों को बहुत ही अच्छी तीन बातें सिखाई थीं -

- अच्छा सोचो
- अच्छा बोलो
- अच्छा करो

अर्थात् अच्छे विचार, अच्छे शब्द और अच्छे काम।

पटेटी के दिन पारसी अहुरा माजदा से प्रार्थना करते हैं। बुराइयों से दूर रह कर अच्छे काम करने की प्रतिज्ञा करते हैं। क्रोध और नफ़रत को छोड़कर सबको प्यार करने की भी प्रतिज्ञा करते हैं। इस दिन पारसी नए कपड़े, जूते और पूजा की टोपी पहनकर अग्यारी (Fire Temple) में जाते हैं क्योंकि वह आग को पवित्र मानते हैं। वहाँ पर पादरी को चन्दन की लकड़ी का टुकड़ा जलाने के लिए देते हैं। पादरी लकड़ी जलाकर उन्हें विभूति देते हैं। पारसी विभूति को अपने माथे और गर्दन पर लगाते हैं।

इस दिन पारसी अपने मित्रों और संबंधियों के घर जाते हैं। उन्हें "नया साल मुबारक" कहते हैं और खाने की अच्छी - अच्छी चीज़ें बनाते हैं।

प्रश्न :-

i. पटेटी का त्योहार कौन, कब और किस रूप में मनाते हैं? (2)

ii. गुरु का नाम क्या है? उन्होंने पारसियों को क्या सिखाया? (2)

iii. पटेटी के दिन पारसी अग्यारी में क्या करते हैं? (2)

iv. पारसियों की धार्मिक पुस्तक का नाम क्या है? इस दिन पारसी किनके घर जाते हैं? और क्या कहते है? (2)

v. प्रस्तुत गद्यांश कौनसी शिक्षा देता है? (2)

व्याकरण - विभाग

प्रश्न 4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i. निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक पर्यायवाची के दो शब्द लिखिए :- (1)

1. गणेश 2. पक्षी

ii. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (1)

1. अभिमान 2. उत्थान

iii. भाववाचक संज्ञा लिखिए :- (1)

1. देव 2. परिवार

iv. लिंग बदलिए :- (1)

1. गुड्डा 2. चौबे

v. वचन बदलिए :- (1)

1. महिला 2. रात

vi. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखिकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :- (3)

(कोई 2)

1. चेहरा खिलना 2. ऊँगली पर नचाना

3. अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना

[illegible])

is this missing?

viii. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :- (5)

1. धोनी ने रेल्वे की नौकरी की । (1)

(क्रिया पहचानकर भेद लिखिए)

2. मैंने खाना खाकर अपनी भूख मिटाई । (1)

(संज्ञा पहचानकर भेद लिखिए)

3. हमें मेहमानों का स्वागत करना चाहिए । (1)

(सर्वनाम पहचानकर भेद लिखिए)

4. इस डिब्बे में तीन किलो चावल है । (1)

(विशेषण पहचानकर भेद लिखिए)

5. नानीजी कल आएँगी । (1/2)

(काल पहचानिए ।)

6. हम परीक्षा दे रहे थे । (½)

(वर्तमानकाल में बदलिए ।)

विभाग - ब

साहित्य - विभाग (ऊँची उड़ान)

प्रश्न 5) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (15)

i. झारखंड में सरहुल का त्योहार कैसे मनाते हैं ?

ii. " माही " के प्रेरणा स्त्रोत कौन थे ? समझाइए ।

iii. फूल कब से मुरझाए हैं और कवि उनमें क्या भरने की बात कर रहे हैं ?

iv. " संतों की वाणी " में मीराबाई की भक्तिभावना पर प्रकाश डालिए ।

v. कुमाऊँ में मकर संक्राति का त्योहार कैसे मनाते हैं ?

प्रश्न 6) एक वाक्य में उत्तर लिखिए :- (4)

i. पंजाब एवं केरल में कौनसा त्योहार धूमधाम से मनाते हैं ?

ii. धोनी को वर्ष 2007 और वर्ष 2009 को किस पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया ?

iii. जन - जन के जीवन में कवि ने क्या भरने के लिए कहा है ?

iv. 'संतों की वाणी' द्वारा किसी भी दो संतों के नाम लिखिए।

प्रश्न 7) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :- (4)

i. .... का प्याला राणा भेज्या , ... दीन्ह बनाय ।

ii. वसंत ऋतु के आगमन पर .... और .... चीजों को एक जगह पर इकट्ठा करके जलाया जाता है ।

iii. धोनी का जन्म .... की राजधानी .... में हुआ ।

iv. नई उमंगें , नई .... , नई आस हैं , ... नई ।

प्रश्न 8) अ) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए :- (4)

i. कली - कली .... निर्माण करो ।

ब) शब्दार्थ लिखिए :- (4)

1. मंगलमयी
2. कामना
3. सपूत
4. निराला
5. लपकना
6. हरि
7. होनहार
8. बलि

प्रश्न 9) निम्नलिखित सत्य कथन पर (√) और असत्य कथन पर (×) निशान लगाकर वाक्य सही लगाइए :- (3)

i. मीराबाई को उनके देवर महाराणा विक्रमजीत ने कई बार मारने की कोशिश की ।

ii. भारत को त्योहारों का देश नहीं कहा जाता ।

iii. 2008 और 2009 में आईसीसी ओडीआई प्लेयर ऑफ दि इयर अवार्ड सम्मानित किया गया ।

" मधुकलश "

प्रश्न 10) निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर लिखिए :- (6)

1. चौधरी और शेख में किस तरह की मित्रता थी ?
2. सिद्ध कीजिए कि बुद्धि किसी को नीचे गिरा देती है और किसी को ऊपर उठा देती है ?

---------------- स मा प्त ----------------